तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

14 गांव की जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा



13 16 हजार 3 सौ 74 कृषकों को मिल रहा योजना का लाभ





## खबर संक्षेप

### व्यापारियों की समस्या का करेंगे निराकरण मिले जीएसटी के अधिकारी



**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों को जीएसटी के नवीन प्रावधानों जानकारी एवं तकनीकी समस्याओं के निदान के लिए जीएसटी रायपुर के संयुक्त आयुक्त सीआर महिलांगे एवं जगदलपुर के डिप्टी कमिश्नर मंगेश कारेगर शुक्रवार को चेम्बर भवन के सभाकक्ष में व्यापारियों से मिले। चेम्बर के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया कि व्यापारियों को जीएसटी के नियमों की जानकारी के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर अधिकारियों ने कहा कि जीएसटी पर व्यापारियों के समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा में पहुंचे 9815 अभ्यर्थी



**जगदलपुर।** वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत बस्तर जिला अंतर्गत वन संरक्षक कार्य आयोजना वनमंडल, बस्तर वनमंडल, सामाजिक वानिकी वनमंडल, वन विद्यालय जगदलपुर एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के 88 विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने वाले 26206 पात्र अभ्यार्थियों का शारीरिक नामजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन भर्ती स्थल शहर के वन विद्यालय स्थित मैदान में 6 दिसंबर तक हुई। इसमें से 10111 पात्र अभ्यर्थियों में 9815 अभ्यर्थी पहुंचे, जो शारीरिक माप परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षा दी और 296 अभ्यर्थी नहीं पहुंचे। भर्ती में सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे, आईपी बंजारे, परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर सहित लगभग 270 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहे।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें : आयुक्त

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने शहर के जनमानस एवं व्यापारी बंधुओ से शासन द्वारा निर्धारित प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करने से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है साथ ही शहर के तालाब एवं नालियां प्रदूषित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वाले एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर जप्ती की कार्यवाही के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जनता से अपील की है कि बाजार जाने से पूर्व थैले एवं कपड़े के बैंग का उपयोग करें। उन्होंने दुकानदार से भी कहा कि पेपर से बने कैरी बैग का इस्तेमाल करे। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के पॉलिथीन का दुकानदार उपयोग करें। आयुक्त ने प्रतिबंधित पॉलीथिन पर कार्रवाई के लिए टीम का गठन कर जल्द ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने जिले में बनाए जाएंगे 12 उपकेंद्र



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कुछ गांवों एवं शहर के कुछ वार्डों में बिजली बंद होने के शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# दलपत सागर को रामसर साइट के लिए चिन्हित करने सर्वे प्रारंभ

## ढाई सौ साल पुराने तालाब में जैव विविधता का अध्ययन करने पहुंची टीम

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर के ऐतिहासिक दलपत सागर में विचरण करने वाले 50 से ज्यादा जलीय पक्षियों और जलाशय की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन करने रायपुर और भोपाल की टीम शुक्रवार को जगदलपुर पहुंची। स्थानीय दो दर्जन से ज्यादा विद्यार्थियों के साथ तालाब का सर्वे किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में तीन स्थानों को रामसर साइट में शामिल करने चिन्हित किया जा रहा है। विश्व स्तर पर वेटलैंड के असत्तिव पर गहराते संकट को गंभीरता से लेते हुए अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत रामसर





कन्वेंशन का हिस्सा है। रामसर संधि अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वेटलैंडस, विशेषकर जल प्रवासी पशु पक्षियों के प्राकृतिक आवास से संबंधित एक संधि है। 2 फरवरी वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में यह संधि हुई थी तथा 21 दिसंबर 1975 से प्रभाव में आयी। भारत सरकार द्वारा इस संधि पर वर्ष 1982 में हस्ताक्षर किये गये। वेटलैंड के शाश्वत उपयोग और संरक्षण को सुनिश्चित करने से संबंधित इस संधि का उद्देश्य संपूर्ण विश्व के सभी महत्त्वपूर्ण वेटलैंड्स की सुरक्षा एवं संरक्षण करना है। 172 देशों द्वारा इस संधि पर हस्ताक्षर किये गये हैं। वर्तमान में भारत में 84 रामसर स्थल चिहिन्त हैं। राज्य में रामसर स्थल बनाये जाने की प्रक्रिया के तहत राज्य के महत्वपूर्ण वेटलैंड का सर्वेक्षण ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मुठभेड़ : घायलों की स्थिति सामान्य, इलाके में सर्चिंग तेज, डेढ़ घंटे तक चली फायरिंग

# बीजापुर के पामेड़ के जीडपल्ली कैंप में नक्सली हमला, दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों ने बीती रात बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित पामेड़ थाना क्षेत्र के जीडपल्ली पुलिस कैंप में हमला किया। इस हमले में मोर्चा में तैनात जवानों को चोट आई है। दोनों ओर से डेढ़ घंटे तक भीषण गोलाबारी होती रही जिसके बाद नक्सली जवाबी कार्रवाई में भाग गए। गुरुवार रात लगभग 7.30 बजे नक्सलियों ने कैम्प में हमला किया। फायरिंग शुरू होते ही जवानों ने भी तत्काल मौर्चा सभांल जवाबी फायरिंग की। बताया जा रहा है कि तेलगांना व बीजापुर के सरहदी क्षेत्र जीडपल्ली में दो दिन पहले ही नया पुलिस कैंप खोला गया था जिसका नक्सलियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। कैंप के आउटर कॉर्डन में सुरक्षा पर तैनात जवानों व नक्सलियों के बीच भीषण फायरिंग में तीन जवानों को सामान्य चोट आई हैं। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नक्सलियों ने फायरिंग के साथ ही बीजीएल बम भी दागा। घायल जवानों में डीआरजी आरक्षक गजेन्द्र गटपल्ली व कोबरा बटालियन के आरक्षक विकास पाण्डे शामिल है जिन्हें स्पिलिंटर लगने से सामान्य चोट आई है और इनका उपचार कैम्प में ही किया जा रहा है। नक्सलियों के हमले की सूचना पर एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव के अलावा सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा व कमांडेट 228 बटालियन लतीफ कुमार साहू समेत कई आला अधिकारियों की टीम मौजूद थी।

### बौखलाहट में कर रहे हमला

नए पुलिस कैम्प में नक्सलियों ने हमला किया जिसका जवानों ने बहादुरी से मुकाबला किया। हमले के बावजूद जवानों के हौसले बुलंद है। नक्सली बौखलाहट में घटना को अंजाम दे रहे है। हमले के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।

**-सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर।

### ग्यारह लाख के पांच नक्सलियों ने किया समर्पण



**बीजापुर।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शुक्रवार को 11 लाख रुपये के इनामी सहित पांच नक्सलियों ने नक्सलवाद से तौबा करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक 189 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न घटनाओं में शामिल 473 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया हैं। बस्तर आईजी, डीआईजी दंतेवाड़ा, सीआरपीएफ डीआईजी ऑप्स व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाइटर, कोबरा व सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयासों से तथा सरकार की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति तथा जिले में चलाए जा रहे नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर पश्चिम बस्तर डिवीजन के कंपनी नम्बर 2 के सेक्शन ए सदस्य, पार्टी सदस्य, जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 5 नक्सलियों ने नक्सलवाद की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर शुक्रवार को पुलिस व सीआरपीएफ के आला अफसरों के सामने नक्सलवाद से तौबा करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में संतु कोडमे, पायकु पुनेम, गुड्डू हपका, सोमारू माड़वी व भीमा कश्यप शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25 - 25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई।

■ अब तक 189 नक्सलियों ने डाले हथियार

## कमिश्नर बंगले में तैनात नगर सैनिक गांजा के साथ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लबें समय से अवैध गांजा के कारोबार कर रहा नगर सैनिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में कमिश्नर बगंले में तैनात था। उसके कब्जे से 1 लाख रुपए का गांजा के अलावा कार व तीन बाइक भी बरामद किया गया है।

सीएसपी उदित पुष्कर ने पत्रवार्ता में मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कमिश्नर बगंले में तैनात बतौर सुरक्षा गार्ड के घर से गांजा बरामद किया गया है। गांजा के अवैध कारोबार में वह लंबे समय से संलिप्त था। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। कोतवाली पुलिस ने जवान के घर में रेड कार्रवाई करते हुए 20 किलो गांजा जब्त किया है। पकड़े गए गांजे की कीमत एक लाख रुपये के लगभग आंकी गई है। वहीं गांजा के अलावा एक कार व तीन बाइक भी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ लंबे समय से अवैध गांजा के कारोबार में था संलिप्त

### ओडिशा से लाकर बेचता था

गिरफ्तार आरोपी जवान सुशान्त सिकदार ने पूछताछ में बताया कि वह घर में गांजा रखता था। ओडिशा से गांजा लाकर बिक्री किया करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20.628 किलो गांजा कीमत 1 लाख रुपए के अलावा मोबाइल, मारूति सुजुकी अल्टो कार क्रमांक सीजी 17 केएन 0135 तीन बाइक व आईकार्ड भी बरामद कर किया है।

## आवासीय विद्यालय से छात्र गायब, अधीक्षक की लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



सुकमा जिले के कोंटा विकास खंड के ग्राम पंचायत मराईगुड़ा वनग्राम के आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन से छात्र के गायब है। बीते तीन दिनों से छात्र के गुम होने के बाद भी जानकारी नही देने को लेकर अधीक्षक की लापरवाही सामने आई है। ज्ञात हो कि सुकमा जिला में बीते कुछ ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ तीन दिन बाद परिजन को मिली सूचना, पहुंचे थाने

### अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस

*अध्ययनरत छात्र की गुमशुदगी के संबंध में स्पष्टीकरण मांगते हुए जिला परियोजना समन्वय ने लेटर जारी करते हुए बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबीन मरईगुडा में कक्षा छठवी में अध्ययनरत छात्र के. महेश पिता सुधाकर के गुम होने की जानकारी होने के बाद भी अधीक्षक द्वारा अपने उच्च अधिकारीयों को इसकी सूचना नहीं दिए जाने एवं इस घटना की सूचना थाने में दर्ज नही किया जाने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।*

## कर्त्तव्य में अनुपस्थित कर्मियों पर गिरेगी गॉज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में नोडल अधिकारी और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, कुष्ठ रोग और इंचार्ज आईडिएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर की टीम द्वारा लोहंडीगुड़ा ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम की ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भारतीय मनोविज्ञान सर्वेक्षण केंद्र धरमपुरा में हिंदी कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग से संबंधित भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण केंद्र धरमपुरा में राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए कई कार्यक्रम संपादित हुए। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार के विभाग में भारत के विभिन्न राज्य के अधिकारी कार्यरत हैं। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल, ओडिशा, असम, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि स्थानों से कर्मचारी यहां कार्य करते आ रहे हैं। इनके बीच हिंदी भाषा का प्रचार -प्रसार करने हेतु इस तरह के आयोजन प्रतिमाह विभाग द्वारा करवाए जाते हैं। इसी संदर्भ ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नहीं मिल पा रहा समय पर चावल

## राशन दुकान खुलते ही सर्वर डाउन से बढ़ी परेशानी: बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के कोलावल में विधायक लखेश्वर बघेल ने राशन दुकान का निरीक्षण किया। राशन दुकान संचालक ने बताया कि 297 क्विंटल आने को था लेकिन 277 क्विंटल ही राशन पहुंचाया गया हैं। ग्राम पंचायत कोलावल में 832 राशन हितग्राही हैं अगर खाद्यान्न विभाग द्वारा राशन दुकानों में इस तरह चांवल कम भेजा जाये तो दुकान संचालक कैसे वितरण करेगा। विधायक ने राशन दुकान में हितग्राहियों से पूछा कि राशन पर्याप्त मात्रा में मिलता हैं या नहीं जिस पर महिलाओं ने कहा कि 2 महीनों से चना नहीं मिल रहा हैं और गुड़ की गुणवत्ता भी काफी खराब हैं। विधायक ने गुड़ को चखकर देखा तोगुणवत्ता खराब पाई गई। विधायक ने दुकान संचालक एवं खाद्यान्न विभाग के अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा करते हुए जल्द से जल्द अच्छी गुणवत्ता ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ विधायक ने दुकान का किया निरीक्षण



### विधायक ने तौला बोरा

विधायक ने राशन दुकान में बोरा को तौलाया जहां पर 50 किलो में से 2 से 3 किलो कम पाया गया। इसमें भी बोरा का 1 किलो काटने के उपरांत भी 2 किलो से कम पाया गया। लोगों में इसकी जानकारी ना होने की वजह से धोखाधड़ी करने का कार्य कर रहे हैं।

## एवियरी में रखे गए उड़ने वाले तोता को छोड़ा जाएगा वन विभाग

# स्कूल प्रबंधन के लिए पहली पसंद बना लामनी पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लामनी पार्क शैक्षणिक भ्रमण तथा पिकनिक के लिए लाया जा रहा है, स्कूली छात्र-छात्रों को माह नवंबर से अब तक 20 से अधिक शासकीय तथा निजी स्कूलों के बच्चों को लाया गया। बच्चों को भ्रमण के एक दिन पूर्व परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर को आवेदन करने पर दी जाती है रियाद दरों में 50 फीसदी छूट पर प्रवेश कर रहे हैं। पर्यटकों की संख्या को देखने पर वन विभाग की ओर से दशहरा से पूर्व लामनी पार्क में पर्यटकों के लिए दो ई-रिक्शा चलाया जा रहा है। हालांकि एवियरी में अलग-अलग प्रजाति के पक्षियों को रखा जाएगा, जिसमें देशी, विदेशी दोनों प्रजाति के पक्षियों को रखा गया है। एवियरी में रखे जाने वाले अलग-अलग प्रजाति के पक्षियों को देखने स्थानीय लोगों के साथ ही बाहरी पर्यटक भी आ रहे और ये पर्यटन के दृष्टिकोण से भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना। पार्क के प्रभारी उदयनाथ सिंह अपने कर्मचारियों के साथ भ्रमण करने वालों का ध्यान दिया जा रहा है। विदित हो कि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 यथा संशोधित मई 2022 के अन्तर्गत अनुसूची 1 से 6 में उल्लेखित पक्षियों को पालतू बना कर रखना या बंधक बनाना या विक्रय करना अपराध हैं। इस पर लोगों ने घरों में रखे गए तोता को पार्कके एवियरी में रखा गया पर प्रतिबंध हटने से कुछ लोगों ने तोता को लेकर घर ले गए। वर्तमान में लगभग 15 तोता हैं, जिससे उड़ने वाले तोता को छोड़ा जाएगा।





### सफाई में समूह की महिलाएं जुटी

परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चों के अलावा पार्कमें पर्यटकों की संख्या बढ़ी। साथ ही पार्क में चिड़ियों को दाना एवं साफ-सफाई में स्व-सहायता समूह की महिलाएं जुटी हुई है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## लैब टेक्नीशियन एवं वाहन चालक पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ अंतर्गत कोण्डागांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट चलित वाहन के संचालन के लिए लैब टेक्नीशियन के एक पद पूर्ति के लिए 11 दिसम्बर और वाहन चालक के एक पद की पूर्ति के लिए 12 दिसम्बर 2024 को अस्थाई संविदा भर्ती वॉक–इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। जिसके लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली निकलेगी आज

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली का आयोजन 7 दिसंबर को किया जाएगा। यह रैली प्रातः 10 बजे विकासखंड मुख्यालय केशकाल से प्रारंभ होगी, जहां रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। रैली के पहले पड़ाव में 11:30 बजे फरसगांव में मशाल का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद, दोपहर 01 बजे जिला मुख्यालय कोण्डागांव में मशाल रैली का प्रवेश होगा, जहां कलेक्टर परिसर में रैली का स्वागत किया जाएगा। रैली के शहर में भ्रमण के बाद जगदलपुर के लिए रवाना किया जाएगा। केशकाल से जगदलपुर के बीच आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में भी इस रैली का स्वागत किया जाएगा। केशकाल से लेकर जगदलपुर तक ले जाया जाएगा। रैली के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर खेल संघों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। बस्तर संभाग के सात जिलों से होते हुए यह मशाल रैली 3:30 बजे तक जगदलपुर पहुंचेगी, जहां शाम 4:15 बजे दलपत सागर में दीप प्रज्ज्वलित कर रैली का समापन किया जाएगा।

# संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के लिए जोश और उत्साह के साथ खिलाड़ी तैयार

## जिले से 368 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर संभाग के युवाओं के खेल प्रतिभा को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल यहां के खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए नया मंच मिल रहा है बल्कि यहां के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर भी मिला है। इसके अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता 20 से 24 नवंबर तक भव्य आयोजन हुआ। जिसमें जिले के सभी विकासखण्ड से लगभग 2000 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। जिला स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जिले के खिलाड़ियों में संभाग स्तर पर खेलने के लिए जोश एवं उत्साह साफ दिखाई दे रहा है और इसके लिए खिलाड़ी अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गये हैं। कोण्डागांव जिले से विभिन्न खेलों में 368 खिलाड़ी भाग लेंगे।

गोलावंड के युवा व्हॉलीबाल खेल में अपनी नई पहचान बना रहे हैं। युवाओं का सपना है कि व्हॉलीबाल खेल के क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करें। उनके सपने को साकार करने की दिशा में बस्तर ओलम्पिक एक नई उम्मीद बनी है। टीम के कप्तान अलेख कोर्राम ने बताया कि वे कक्षा 10वीं के छात्र हैं। कक्षा 09 से विद्यालयीन खेलों में भाग लेते आ रहे हैं।



### युवाओं के हुनर को नया मंच देता बस्तर ओलम्पिक

*बस्तर क्षेत्र में लंबे समय से माओवाद ने विकास को बाधित किया था। युवा वर्ग जो कभी माओवाद के प्रभाव से मुख्य धारा से जुड़ नहीं पाए थे वे अब बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से खेलों की ओर रुख कर रहे हैं। साथ ही ऐसे कई युवा हैं जो सेना में शामिल हो कर देश की रक्षा करने की सोच रखते हैं उनके सपनों में बस्तर ओलम्पिक ने पंख लगा दिए हैं। आज क्षेत्र के युवाओं ने खेलों में भागीदारी के माध्यम से न केवल अपनी क्षमताओं को पहचाना है, बल्कि अपने गांव, जिला और राज्य का नाम रोशन करने की ओर कदम बढ़ाया है।*

**पहल : संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का अनूठा योगदान**

# ग्रामीणों के साथ मिल कर स्वयंसेवकों ने सलना में कर डाला चेक डेम निर्माण






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम सलना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में चेक डैम निर्माण ने मुख्य आकर्षण का केंद्र बनाया। यह शिविर 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है। जिसमें ग्रामीण विकास और जन–जागरुकता पर जोर दिया गया है। शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने गांव के उत्तर दिशा में स्थित नहर पर ग्रामीणों के सहयोग से चेक डेम का निर्माण किया। इस कार्य में 40 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि यह प्रयास भारत सरकार के जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत किया गया। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को उजागर करना है।

चेक डैम निर्माण के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की आवश्यकता और इसके लाभों के प्रति प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अन्य परियोजना कार्यों जैसे सोखता गड्ढे का निर्माण, गांव और नालियों की सफाई के साथ–साथ नशामुक्ति, स्वच्छता, बाल विवाह रोकथाम, और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम चलाए। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में नारी शक्ति, साक्षरता, मतदान जागरुकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी गईं। शिविर के छठवें दिन "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत सांस्कृतिक रैली होगी। छत्तीसगढ़ की विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### ग्रामीणों का मिला सहयोग

ग्राम प्रधान हरिचंद कोर्राम, उपसरपंच लक्ष्मण मरकाम सहित कई वरिष्ठ ग्रामवासियों का इस शिविर में विशेष सहयोग रहा। शिविर में महादलनायक मनेश यादव, अनुशासन मंत्री रयतू कश्यप, और अन्य स्वयंसेवकों ने विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्रामीण विकास और जल संरक्षण का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस चेक डेम निर्माण ने शिविर की सार्थकता को और अधिक बढ़ा दिया है। शिविर का समापन 8 दिसंबर को होगा।

# पीएम आवास योजना से बन रहे घर को अवैध बताकर प्रशासन ने ढहा दिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

गरीबी में भी पक्का मकान बनाने का सपना देख रहे सपन हाल्दार और उनके परिवार के अरमान तहसील प्रशासन के एक फैसले से ध्वस्त हो गए। सिंगारपुरी पंचायत के इस परिवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान का निर्माण शुरू किया था। मकान आधा बन चुका था, लेकिन प्रशासन ने इसे अवैध घोषित कर बिना किसी सूचना के बुलडोजर चला दिया। सपन की बच्चियां रो–रोकर कह रही हैं, अब स्कूल कैसे जाएंगे? पापा लोन पटाएं या हमें पढ़ाएं। उनका कहना है कि छोटी सी दुकान से जैसे–तैसे परिवार चलता था। अब इस तबाही के बाद उनका भविष्य अंधकारमय लग रहा है। सपन हाल्दार ने बताया कि पिछले 30 सालों से वह परिवार के साथ इस भूमि पर रह रहे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ। खाते में दो किस्तों में 40,000 और 60,000 आए। पंचायत ने जियो टैगिंग की और निर्माण शुरू हुआ। आर्थिक कमी को पूरा करने के लिए सपन ने 1 लाख का लोन भी लिया। लेकिन मकान पूरा होने से पहले ही इसे अतिक्रमण बताकर तहसीलदार ने गिरा दिया।

### पीएम आवास बन रहा था, केंद्र को देनी थी सूचना

फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पोसम का कहना है कि यह भूमि कृषि विज्ञान केंद्र के लिए आवंटित थी। अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई की गई। उन्होंने माना कि यदि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत था। तो इसकी जानकारी पहले ली जानी चाहिए थी। जनपद पंचायत के सीईओ रामेश्वर महापात्र का कहना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत होने से पहले जियो टैग और अन्य प्रक्रियाएं होती हैं। यदि कोई स्थान विवादित होता है, तो इसका समाधान केंद्र सरकार को सूचित कर किया जाता है।

**पेज 11 के शेष**

### दलपत सागर को रामसर...

कार्य किया गया है, जिसे रामसर घोषित किया जाना है, इसके लिए राज्य में बिलासपुर में जिले के अंतर्गत कोपरा जलाशय एवं धमतरी जिले के रविशंकर जलाशय गंगरैल डैम के फूटामुड़ा के सर्वेक्षण का कार्य कर रामसर स्थल घोषणा की आगामी प्रक्रिया की जा रही है। प्राधिकरण द्वारा इन दो वेटलैंड के साथ गिदवा, परसदा, घोंघा, दलपत सागर जगदलपुर को भी रामसर के लिये चिन्हित किया गया है।

रायपुर व भोपाल से पहुंचा वैज्ञानिकों का दल

शुक्रवार सुबह राज्य जैव विविधता बोर्ड के सचिव राजेश चंदेल, पक्षी विज्ञानी डॉ. नीतू हरमुख रायपुर, राज्य जैव विविधता बोर्ड के लीगल एडवाइजर प्रतीक वर्मा रायपुर, पर्यावरण विभाग मध्य प्रदेश शासन के डॉ. मनोज विश्वकर्मा काकतीय महाविद्यालय में प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील दत्त तथा कॉलेज के दो दर्जन छात्र - छात्राओं ने लगभग 385 एकड़ में फैले दलपत सागर में विचरण कर रहे स्थानीय और प्रवासी पक्षियों का अध्ययन किया। वहीं जल शुद्धिकरण के उद्देश्य से तालाब में मौजूद रासायनिक तत्व और यहां उपजे विभिन्न जलीय वनस्पतियों का अध्ययन किया।

जैव विविधता के प्रति जागरूक करना

मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि पढ़े लिखे युवकों को जैव विविधता के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रशिक्षित कर पक्षियों की रक्षा करना हमारा मकसद है। लोगों को जागरुक कर विभिन्न प्रजाति पक्षियों का हम बचा सकते हैं। बताया गया कि छत्तीसगढ़ में 350 प्रकार के पक्षी हैं। इनमें लगभग 13 प्रकार के पक्षियों को दुर्लभता की श्रेणी में रखा गया है। बताते चले कि सवा दो हैकटेयर से ज्यादा क्षेत्रफल वाले कुल 11261 वेटलैंड छत्तीसगढ़ में हैं। इनमें बस्तर में 126, बीजापुर में 306, सुकमा में 161, दंतेवाड़ा में 51 और नारायणपुर में 18 वेटलैंड चिन्हित किए गए हैं।

### कमिश्नर बंगले में तैनात...

धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसके न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एएसआई प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक अनंतराम बघेल, उमेश चंदेल, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, रोशन चैहान, संजय रजावत व अमिला वट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आवासीय विद्यालय से छात्र...

दिनों से शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर शिक्षा विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। अब ग्राम पंचायत मराईगुड़ा वनग्राम के आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन से तीन दिसम्बर से छात्र के गुम होने की खबर ने विभाग पर सवाल खड़ा कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय कक्षा छठवीं का छात्र के.महेश निवासी कोंटा बीते तीन दिनों से संस्था से गायब है। जिसके बाद आज परिजनों को सूचना मिलने के बाद मराईगुड़ा थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है ।

### कर्त्तव्य में अनुपस्थित कर्मियों...

समीक्षा की गई। कार्यक्रम के तहत मलेरिया टीबी, कुष्ठ और वृद्ध जनों में होने वाली बीमारियों की जांच स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर पहचान और उपचार दिया जाना है। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर से 23 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। दौरे के प्रथम चरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगापुर की जांच की गई। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टहकापाल और छापर भानपुरी में टीम द्वारा किया गया, जहां बिना पूर्व सूचना की अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों पर सीएमएचओ ने कड़ी कार्यवाही के निर्देश प्रभारियों को दिए गए। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कसावट और कर्मचारियों के अपने कार्य स्थल पर सही समय पर उपस्थिती पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के अंतिम पड़ाव में सीएमएचओ की टीम द्वारा सीएचसी लोहांडीगुड़ा का निरीक्षण किया गया। बीएमओ डॉ. रितेश सिंह और बीपीएम प्रवीण निगम द्वारा ओपीडी, आईपीडी, वैक्सीन रूम, शिशु वार्ड का निरीक्षण करवाते हुए शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीएचसी में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### भारतीय मनोविज्ञान सर्वेक्षण...

में 6 दिसंबर को मुख्य वक्ता और अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार और राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका उर्मिला आचार्य उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी भाषा का योगदान और बस्तर में हिंदी के साहित्यकारों और बस्तर के विभिन्न बोलियां को लेकर सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मानव विज्ञान विभाग के छत्तीसगढ़ आंचलिक प्रभारी डॉक्टर पीयूष रंजन साहू ने हिंदी भाषा और उसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु किस प्रकार प्रयास किया जाए और किस तरह से हम ऑफिशियल कार्य में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें इसे लेकर कई उदाहरण सहित अपनी बात रखी साथ ही पुरातत्व से संबंधित विभाग के कार्यक्रमों को बड़े रोचक तरीके से उन्होंने समझाया।

हिंदी के महत्व पर डाला प्रकाश

इनके साथ मंच पर इस विभाग के असिस्टेंट कीपर सरबजीत सिंह ने भी हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। रिसर्च ऑफिसर अंजलि रामटेके ने हिंदी कविताओं के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। बड़ी संख्या में विभाग के सहकर्मियों ने इसमें भाग लिया। सब ने एक स्वर से माना कि हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और हर संभव ऑफिशियल कार्य हम हिंदी भाषा में करेंगे इस बात को सबने कर्तव्य बोध के साथ स्वीकार किया।

### नहीं मिल पा रहा समय...

की गुड़, चना उपलब्ध कराने की बात कही हैं। राशन दुकानों में चांवल नहीं पहुंचने की वजह से हितग्राहियों को समय पर चांवल नहीं मिल पा रहा है। लोग बिना राशन लिए वापस हो रहे हैं। कई बार लाइन लगने के बाद उन्हें पता चलता है कि दूकान में चांवल ही नहीं है हर महीने दावा किया जाता है कि 1 तारीख के पहले चावल दुकानों में पहुंचाया जा रहा है लेकिन हकीकत में 7 तारीख तक चावल दुकानों में नहीं पहुंच रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य धनुर्जय कश्यप, दुर्जन कश्यप, कमल कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर एवं कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मशीन में गड़बड़ी

राशन वितरण के लिए दुकान के विक्रेताओं को जो मशीनें दी गई है, उसमें से कई मशीनों में तकनीकी दिक्कत आ रही है। विभाग को भी इससे अवगत कराया गया है। हड़ताल के दौरान 6 सूत्रीय ज्ञापन में प्रथम नंबर पर मशीन खराब होने तथा इसमें सुधार करने की मांग को रखा गया है मशीनों को बदलने की भी बात कही गई, लेकिन समस्या जस की तस है।

### उपभोक्ताओं को बेहतर...

विद्युत कंपनी को निर्देश किया कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा दें। इस पर कार्यपालक निदेशक ने शहरीय संभाग के कार्यपालन अभियंता एसके ध्रुव एवं ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस उपकेन्द्र निर्माण के लिए स्थान बताएं। दोनों अधिकारियों ने बताया कि बस्तर जिले में मारेंगा, कुरूषपाल, बिसपुर, नियानार, धुरमुंडा, नगरनार, मोरठपाल, चित्रकोट, शहर में तेतरकुटी एवं अनुकूलदेव वार्ड में उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव बना कर ईडी को दिया। उन्होंने बताया कि ऐसे स्थानों में उपकेन्द्र बनने से लो-वॉल्टेज, बिजली बंद होने की शिकायत में कमी आएगी।

# युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव।** जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष कपिलकांत नाग के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश में बढ़ती गुंडागर्दी, नशे के कारोबार, महिलाओं के खिलाफ बढ़ती घटनाओं और किसानों को धान खरीदी में हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया गया। युवा कांग्रेस ने मांग की कि चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और 72 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान किया जाए। साथ ही, धान खरीदी में हुई रकबा कटौती को हटाने और लेम्पस में खरीदी गई धान का उठाव तत्काल सुनिश्चित करने की अपील की। ज्ञापन में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में त्वरित कदम उठाने की मांग की गई। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के लिए स्थानीय भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया गया। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीपाल कटारिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग, हेमंत भोयर, कल्पेश दीवान, जयलाल नाग, रितेश गुप्ता, दुष्यंत राणा समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा



**कोण्डागांव।** संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष और भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदशोंर् और विचारों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान, पीसीसी सदस्य बुधराम नेताम, रितेश पटेल आदि मौजूद थे।

# 100 दिन विशेष घर घर पर दस्तक निक्षय निरामय अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- **टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष अभियान**

कोंडागांव जिले में टीबी क्षय रोग, कुष्ठ रोग, मलेरिया और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए एक विशेष 100 दिन अभियान की शुरुआत 7 दिसंबर को जाएगी। यह अभियान 23 मार्च तक चलेगा और इसका उद्देश्य इन बीमारियों की परीक्षण करना और उपचार को जन–जन तक पहुंचाना। इन बिमारियों को जनसामान्य को होने से बचाना है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के मीटिंग हॉल में एक दिवस का प्रशिक्षण रखा गया। जिसमें विकासखंड के समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। 100 दिन अभियान का फोकस न केवल टीबी, कुष्ठ रोग और मलेरिया के मामलों को नियंत्रित करना है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देना है। अभियान के मुख्य उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए समय पर जांच और उपचार के जरिए अधिक से अधिक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त को को बनाने का लक्ष्य है। कुष्ठ रोग के निदान के लिए शुरुआती पहचान और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के प्रयास करना, मलेरिया नियंत्रण मच्छरजनित बीमारियों से बचाव और उपचार और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। निःशुल्क परीक्षण और शिविर ग्रामीण और शहरी इलाकों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर टीबी, कुष्ठ और मलेरिया का मुफ्त परीक्षण किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों पर प्राथमिकता के साथ ध्यान देते हुए बुजुर्गों के लिए रक्तचाप, मधुमेह, आंखों और जोड़ों की समस्याओं की विशेष जांच की जाएगी। टीबी, कुष्ठ रोग और मलेरिया के मरीजों और वृद्ध व्यक्तियों को दवा और पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी।

### बीमारियों के लक्षण और बचाव

टीबी क्षय रोग एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जो मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्युलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। इसके मुख्य लक्षण लगातार खांसी 2 सप्ताह से अधिक बलगम के साथ खांसी। बलगम के साथ खून मिलकर आना, आमतौर पर हल्का बुखार, जो ज्यादातर शाम के समय बढ़ता है। बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक वजन में कमी। सोते समय अत्यधिक पसीना आना। दिनभर थकावट महसूस होना। शरीर में ऊर्जा की कमी गहरी सांस लेने या खांसने पर दर्द महसूस होना। सामान्य रूप से खाने में रुचि की कमी। अगर टीबी फेफड़ों तक सीमित है, तो सांस लेने में परेशानी हो सकती है। कुष्ठ रोग– त्वचा पर दाग, सुन्नपन और मांसपेशियों में कमजोरी त्वचा पर हल्के सफेद या गहरे रंग के धब्बे जो आसपास की त्वचा से अलग दिखते हैं। त्वचा के नीचे कठोर गांठें या उभार, खासकर चेहरे, हाथ, या पैरों पर। हाथ और पैरों की त्वचा का सख्त और शुष्क हो जाना। पैरों के तलवों पर गैर–भरने वाले घाव। गर्मी, ठंडक, दर्द या स्पर्श महसूस न होना। नसों में जलन या झनझनाहट जैसा अनुभव। पलक झपकाने में कठिनाई जिसे आंखें सूख सकती हैं। कुष्ठ रोग पूरी तरह इलाज योग्य है। मल्टी–ड्रग थेरेपी के माध्यम से समय पर इलाज से विकलांगता और संक्रमण को रोका जा सकता है।

**आकांक्षी ब्लाक माकड़ी में 66 हजार 331 पशुओं का हुआ टीकाकरण**

# खुरा चपका रोग नियंत्रण के लिए चलाया जा रहा सघन अभियान






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आकांक्षी विकासखण्ड माकड़ी में पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरा चपका रोग के नियंत्रण हेतु विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माकड़ी ब्लॉक में गाय, भैंस, भेंड़, बकरी, सूअर आदि पालतू और जंगली पशुओं में खुरा चपका जैसे संक्रामक रोग के प्रभाव को कम करना है। यह अभियान 15 अगस्त से शुरू हुआ है और इसका लक्ष्य शत प्रतिशत पशुओं को टीकाकरण के माध्यम से इस खतरनाक रोग से बचाव प्रदान करना है। इस कार्य के लिए माकड़ी विकासखण्ड में डॉ. सुधरन मरकाम और डॉ. प्रिया गजभिये के नेतृत्व में 05 टीम बनाई गई। इन पांच टीकाकरण टीमों की मदद से अभियान के दौरान सक्रिय रूप से कार्य करते हुए 66 हजार 600 के लक्ष्य के विरुद्ध 66 हजार 331 पशुओं में टीकाकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अभियान में पूरी तरह से सफलता मिल रही है और पशुओं के बीच खुरा चपका रोग के नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### खुरा चपका संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग

खुरा चपका अत्यन्त संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है। यह गाय, भैंस, भेंड़, बकरी, सूअर आदि पालतू पशुओं एवं हिरन जैसे जंगली पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग के आने पर पशु को तेज बुखार हो जाता है और बीमार पशु के मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर नीचे ओंठ के अन्दर का भाग खुरों के बीच की जगह पर छोटे–छोटे दाने से उभर आते हैं। फिर धीरे–धीरे ये दाने आपस में मिलकर बड़ा छाला का रूप ले लेते हैं, समय पाकर यह छाले फूल जाते हैं और उनमें जख्म हो जाता है, जो उसके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

## खबर संक्षेप

### कराते में रितेश और बुलबुल का चयन



**बीजापुर।** 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कराते बालक-बालिका अंडर 17, दिल्ली के लिए रितेश कट्टम व बुलबुल कुड़ियम का चयन हुआ है। जुडो राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालक-बालिका अंडर 19, लुधियाना के लिये रोशनी चिड़ेम व बदरु हेमला का चयन हुआ है। प्रतियोगिता 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता 3 दिसवसीय कोचिंग केम्प 4 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक दुर्ग में आयोजित होगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। इसके लिए शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, सहायक खेल अधिकारी डी.सुब्बैया और साथ में खिलाड़ियों के मार्गदर्शक वंदना साहू जुडो प्रशिक्षक, माला ठाकुर कराते प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने मनाया इंटरनेशनल वालंटियर डे



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में बीजापुर जिले में बीजादूतीर कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सेवकों ने 5 दिसम्बर को इंटरनेशनल वालंटियर डे बड़े धूमधाम से मनाया। जिला प्रशासन, महिला बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बिना किसी स्वार्थ के सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। स्वयं सेवकों ने इस दिन को विशेष बनाने के लिए विकासखंड बीजापुर, भोपालपटनम और भैरमगढ़ में रंगोली, क्षेत्रीय नृत्य, केक काटने और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। साथ ही उन्होंने समाज में स्वयं सेवी कार्यों के महत्व को उजागर करने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में अपने कार्य अनुभव और सामुदायिक बदलाव की कहानियां साझा की।

### निधन

#### पुष्पा पांडे



**जगदलपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद संजय पांडे की माता पुष्पा पांडे (75) का निधन गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि 2:30 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उपचार के दौरान हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में समाज के लोग, राजनीति और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों समेत शहरवासी मौजूद रहे। वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी स्व. हृदय नारायण पांडे की धर्मपत्नी पुष्पा पांडे अपने पीछे 3 पुत्र संजय, संदीप, शरद और 3 पुत्रियों समेत नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गई।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का करें प्रभावी क्रियान्वयन

# कलेक्टर ने शिक्षा-स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विकासखंड कोंटा का सघन दौरा करते हुए विभिन्न संस्थानों निरीक्षण करने सहित सेवाओं की उपलब्धता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा-स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने योजनाओं को सुचारू रूप से प्रदान करने और सेवा में गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया।

कलेक्टर ध्रुव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लड टेस्ट से जुड़े उपकरणों में सुधार और टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन्फेक्शन कंट्रोल के लिए प्रोटोकॉल का पालन और स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवॉल का निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूरा करने कहा, ताकि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नागरिकों को मिले। उन्होनें मरीजों की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से उनके बेडशीट को बदलने के निर्देश दिये। साथ ही वार्ड की नियमित तौर पर साफ-सफाई सुनिश्चित किए जाने कहा। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से 24 घण्टे गार्ड की तैनाती पर भी बल दिया।

### राजस्व और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

तहसील कार्यालय दोरनापाल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ध्रुव ने जाति-निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और राजस्व के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत गोरगुंडा के अंतर्गत प्राथमिक शाला देवरपल्ली और कुम्हारपदर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय भाषा और बोली को सीखें ताकि बच्चों के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जा सके। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में समन्वय और नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछा। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और सफलता के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की समझाइश दी। ग्राम देवरपल्ली में कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ रूबरू होकर चर्चा की। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने सम्बन्धी जानकारी लेते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निराकरण करने आश्वस्त किया।

## आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पंजीयन कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार और पंजीयन कार्य तेजी से चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। सुकमा जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और सुलभ बनाया जा रहा है। इन योजनाओं से जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज मिलने के साथ ही उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीयन सुविधा

सुकमा जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा रही है। पंजीयन के लिए लाभार्थियों को राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीयन करा सकते है। राज्य नोडल एजेंसी द्वारा जिले को 81,511 परिवारों का पंजीयन लक्ष्य दिया गया है। जिसमें सुकमा 18491, छिंदगढ़ 29995 एवं कोंटा 33025 शामिल है। इसके अतिरिक्त, वय वंदना कार्ड योजना के तहत जिले को 5,811 वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन किया जाना है।

## स्ट्रीट लाइट पोल समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

- नपं अध्यक्ष निधि से स्ट्रीट लाईट के लिए मिली स्वीकृत



राज्य शासन के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं की निराकरण हेतु बस्तर जिले के नगर पंचायत बस्तर में माह अगस्त में जन समस्या निवारण शिविर नगर के प्रत्येक वार्डों में आयोजित किया गया था। वार्ड क्रमांक 6 भगत सिंह वार्ड एनएच 30 डिवाइडर से आईटीआई तक अत्यधिक अंधेरा होने से नगर वासियों को आवागमन में परेशानियां हो रही थी। स्ट्रीट लाइट हेतु वार्ड के डॉ. वीएस राजपूत के द्वारा आवेदन दी गई थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य के द्वारा अध्यक्ष निधि से 12 विद्युत पोल स्ट्रीट लाइट स्थापना करने अनुशंसा प्रदान की गई थी। जिसे विद्युत विभाग को डिमांड बिल प्रदान करने पर विद्युत विभाग के द्वारा दो माह के अंदर कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था।

गुरुवार को नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 6 में एचपी गैस कार्यालय के सामने एनएच 30 पर भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन के बाद कार्य को शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष शालीना सैमसंन,पार्षद अनिल परिहार, पार्षद बंशी कश्यप, भाजपा नेता डॉ. व्हीएस राजपूत, सीएमओ तरुण पाल लहरे, सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ठ यंत्री डीपी कोठारी,उप अभियंता रोहित नाग मौजूद रहे।

### कृषकों की उम्मीदों में खरी उतरती कृषक उन्नति योजना

## 16 हजार 3 सौ 74 कृषकों को मिल रहा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



राज्य शासन द्वारा वर्तमान कृषि परिदृश्य में परिवर्तनकारी उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतु मार्च 2024 में लांच की गई कृषि उन्नति योजना से लाभ लेने में जिले के किसान भी पीछे नहीं है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना, फसल के काष्त लागत में कमी लाकर कृषकों के आय में वृद्धि करना, उनके सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार, कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश को प्रोत्साहन देना है। कुल मिलाकर कृषि क्षेत्र को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुनर्स्थापित करना। इसका दूरगामी लक्ष्य है। इस प्रकार कृषि उन्नति योजनान्तर्गत वर्ष 2024 में दंतेवाड़ा जिले के 7841 कृषकों को आदानर सहायता राशि 2532.67 लाख रुपये प्रदाय किया गया वर्तमान में इसके अन्तर्गत जिले में पंजीकृत कृषकों की संख्या 16374 है। जिन्हें कृषि उन्नति योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों के खातों में सीधे 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान स अंतर राशि राज्य शासन के द्वारा जमा की जा रही है। इस क्रम में विकासखंड कटेकल्याण के कृषक लच्छू, (पिता सहदेव) द्वारा 120 क्विंटल धान बेचा गया था। जिन्हें 110040 रुपये मिले एवं विकासखण्ड गीदम के कृषक बसंत (पिता रंजन) द्वारा 200 क्विंटल धान बेचा गया। जिन्हें 183400 रुपये मिले तथा महादेव (पिता महांगू) द्वारा 300 क्विंटल धान बेचा गया। जिन्हें 275100 रुपये मिले।

कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि जैविक किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। जिससे किसान आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पर रहे हैं। जिले के लघु व सीमान्त किसानों के बीच इस योजना ने सार्थकता अर्जित कर ली है। इसलिए जिले के सभी किसान इस महत्त्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन के लिये छ.ग. शासन व प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।

## विधानसभा संभाला नहीं जा रहा तो पद से इस्तीफा दें केदार: हरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस नोट जारी कर नारायणपुर विधानसभा के विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है। श्री कवासी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर के नारायणपुर जिले में एक तस्वीर सामने आई है जो की मन को बेहद विचलित करने वाली है।

मंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र में विकास की दयनीय स्थिति को देखकर मेरा मन बेहद दुखी है क्योंकि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में बच्चे टॉयलेट में रहकर पढ़ने को मजबूर है जो कि शासन के सुशासन पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। विष्णु के सुशासन में टॉयलेट में रहकर बच्चे अपना भविष्य गढ़ रहे हैं क्या ऐसे ही नवा छत्तीसगढ़ की कल्पना आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु साय ने किया है। इस घटना को चार दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामला पर त्वरित कार्यवाही कर दोषियों को सजा देने के बजाय केदार यह बयान दे रहे हैं कि जिन पत्रकारों ने आश्रम में वीडियोग्राफी करके इस मामला को उजागर किया उन पर कार्यवाही की जाएगी।

मंत्री केदार कश्यप के बयान से यह साफ समझ में आता है कि मंत्री यह मामला दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं और मामला को उजागर करने वाले पत्रकारों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात के लिए केदार को पत्रकारों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि पत्रकार हमारे देश का चौथा स्तंभ है अगर ये वीडियोग्राफी नहीं करते तो मामला जनता के बीच नहीं आता और बच्चे जो आने वाले कल का भविष्य है उन्हें इसी तरह टॉयलेट में रहकर न जाने कबतक शिक्षा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता जो उनका मूलभूत अधिकार है।

श्री कवासी ने आगे कहा कि उल्टे सीधे बयानबाजी से नवा छत्तीसगढ़ नहीं बनेगा अगर उनसे अपना विधानसभा संभाल नहीं रहा तो अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने में दिखाएं तत्परता: नम्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा




गुरुवार को जिला पंचायत सुकमा के सभागार कक्ष में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु रणनीतियां तैयार करने और स्थायी विकास के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया। नम्रता जैन ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में तत्परता दिखाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित माओवादियों की आवास सर्वे रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्ण और अपूर्ण आवासों, स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) और आवास प्लस के लिए शेष दस्तावेजों पर समीक्षा कर, शीघ्र लंबित दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ताकि पात्र हितग्रहियों को समय पर शासन की योजनाओं से लाभन्वित हो।

नियद नेल्लानार योजना के तहत आवास से संबंधित शेष दस्तावेजों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर भी जोर दिया गया।बैठक के दौरान अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने और शेष दस्तावेजों को समय पर जमा करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने पर विशेष हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा, ग्राम विकास से संबंधित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

### स्वच्छता दीदियों ने किया श्रमदान

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विकासखण्ड स्तरीय साफ-सफाई अभियान शुरू किया गया है। जिसमें प्रति सप्ताह प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा साफ-सफाई कार्य कर स्वच्छता श्रमदान किया जाता है। जपं दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के विभिन्न ग्रापं जैसे बड़े कारली, तुड़पारास, मंगनार, मैलावाड़ा, परचेली में, स्वच्छता दीदियों के द्वारा ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी, शासकीय भवन आदि में साफ-सफाई कर स्वच्छता श्रमदान करते हुए लोगों को समय-समय पर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## विधायक ने सामुदायिक भवन का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि इस अवसर पर आप लोगों को बधाई। उक्त भवन को सहेज कर रखने व समय-समय पर इसकी रंगाई, पोताई व देखभाल की संपूर्ण जिम्मेदारी आप सबकी है।

इस भवन का उपयोग अच्छे काम के लिए करते हुए आप ग्रामवासी सामूहिक रूप से बैठकर गांव में आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखना व ग्राम की सममस्याओं का समाधान करना विकास के लिए नई योजनाएं तैयार करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

बस्तर विधायक ने गांव की माता, बहनें, ग्राम प्रमुखों से गांव की महत्वपूर्ण कार्यों को अवगत कराने की बात कही। जिस पर लोगों ने अपनी बातें विस्तृत रूप से नहीं रख पा रहे थे। विधायक ने गांव की मुख्य मार्ग को देखकर अपनी दुःख व्यक्त कर कहा की गांव में इतनी समस्या होने के बावजूद भी आप लोग जनप्रतिनिधि के सामने बात नहीं रख पा रहे हैं। अपनी सुविधा अनुरूप बात रखना मानव धर्म का कर्तव्य होता हैं। आपकी गांव की सड़क को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे। संघकरमरी से लेकर धनसरा तक सड़क निर्माण कराने का काम करूंगा। इस दौरान लोगों ने विधायक का बात सुनकर आभार व्यक्त किया।

विधायक ने कहा की समाज के उत्थान के लिए हमें मिलकर आगे आना होगा। हमें हक की लड़ाई लड़नी होगी और अपनी आवाज को मजबूत करना होगा, तभी हम सार्थक परिणाम ला सकते हैं। इस दौरान जगमोहन बघेल, गोपाल कश्यप, तुलाराम सेठिया, सोनाधर कश्यप, तुलाराम, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, एवं समस्त ग्रामवासी, कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202411150600035/ मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- अ-6 सन:- 2024-2025

पल्ली (प ह न. 00002),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार मॉ समलेश्वरी स्टील प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर ललित कुमार पाण्डेय,

अनावेदक पक्षकार- मा समलेश्वरी स्टील प्रा लिमिटेड डायरेक्टर हरिमोहन.

**ईश्तहार**

आवेदक मां समलेश्वरी स्टील प्रा. लिमिटेड डायरेक्टर ललित कुमार पाण्डेय पिता रमाकांत पाण्डेय निवासी विरगांव रायपुर द्वारा ग्राम पल्ली प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. जगदलपुर तह. जगदलपुर में स्थित भूमि ख.नं. 192, 205 कुल खसरा 02 योग रकबा 2.670 हेक्ट. भूमि मां समलेश्वरी स्टील प्रा. लिमिटेड डायरेक्टर हरिमोहन सिंग पिता विश्वनाथ सिंग निवासी जी.ई. रोड रायपुर के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदित भूमि पर वर्तमान डायरेक्टर का नाम विलोपित कर नवीन डायरेक्टर आवेदक ललित पाण्डेय पिता रामाकांत पाण्डेय का नाम दर्ज करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने पर भुईंया पोर्टल के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 13-12-2024 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
जगदलपुर

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दलपत सागर में भव्य दीप प्रज्वलन आज



**जगदलपुर।** दलपत सागर दीप उत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार शाम 5:30 बजे सभी शहर वासियों के उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किया जाएगा। प्रशासन के द्वारा इस वर्ष ढाई लाख दीये जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलपत सागर में दीप उत्सव को यादगार एवं भव्यता प्रदान करने के लिए उपस्थित रहने की अपील की है।

### सिंधी प्रीमियर लीग सीजन-2 कल से

**जगदलपुर।** सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने जानकारी दी सिंधी प्रीमियर लीग सीजन 2 की धमाकेदार आतिशबाजी के साथ शुरुआत 8 दिसम्बर शाम 6 बजे से होंगी। शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, महासचिव मुरलीधर शादीजा, प्रहलाद शादीजा, सुदाम चंद जुमनानी, राजेंद्र, महापौर सफीरा साहू, आईजी सुंदरराज पी होंगे। हमने अपनी सभी क्रिकेट टीम के नाम अपने सिंधी समाज के संतो के नाम पर ही रखी है।

### महतारी योजना से चंद्रमणि को मिला आत्म सम्बल

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक मुख्यालय की निवासी लाभार्थी चंद्रमणि पति अर्जुन भद्रे बताती हैं कि उनके परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है पति-पत्नी दोनों मजदूरी कर 6 सदस्यीय परिवार का किसी तरह भरण-पोषण करते हैं। राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना अब उनके परिवार के लिए एक महत्ती सहारा साबित हो रही है। जिससे चंद्रमणि को एक हजार रूपए तथा उसकी सास रुकनी को महतारी वंदन योजना से 500 रुपए एवं वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 500 रूपए मिल रही है। जो इस गरीब परिवार के लिए बहुत ज्यादा तो नहीं लेकिन उपयोगी साबित हो रही है।

### बड़ेपाराकोट के 500 से अधिक ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट, कलेक्टर से की शिकायत

# गांव की जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों सरकारी जमीन पर बेजाकब्जा की शिकायत आम हो गई है। यही कारण है कि बड़ेपाराकोट की गांव की जमीन जो करोड़ो का आंका गया है,उस पर अनाधिकृत रूप से बेजा कब्जा किया गया है। उक्त जमीन का पट्टा निरस्त करने लगभग

- खसरा नम्बर 33 व 36 का पट्टा निरस्त करने गांव के लोग हुए लामबंद

500 ग्रामीण कॉलेक्टरेट पहुंच कलेक्टर हरीश एच को मांगपत्र सौपा। साथ ही अविलंब उचित कार्रवाई करने की मांग की। कलेक्टर ने शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक तोकापाल विकासखंड के ग्राम बड़ेपाराकोट के खसरा नं. 33 रकबा 2.8200 हेक्टेयर गडरू भारद्वाज एवं खसरा नं0 36 रकबा 2.0200 हेक्टेयर तेलंगू पिता बालसिंग निवासी ग्राम माहकापाल तहसील दरभा के नाम से उक्त भूमि का पूर्व मे षड्यंत्र रूप सें पट्टा तैयार कर सिर्फ दस्तावेज में गोपनीय रूप से काबिज है,जो कि गलत है। उपरोक्त खसरा नंम्बरों का जो पट्टा बना हुआ है, उसके बारे में ग्रामवासियों को कुछ भी जानकारी नहीं है। क्योंकि सबंधित उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा ग्रामवासियों को गुमराह में रखकर पट्टा बनाया गया है। जिसमें आज पर्यन्त तक भौतिक रूप से कब्जा नही है। इस भूमि में 3 सितंबर को ट्रैक्टर से नागर जुताई कर रहे थे तब गाँव वाले को पता चला। उक्त भूमि में पट्टा श्री गडरू व तेलगूं के नाम पर दिखा रहा है। जो कि ग्रामीणों के द्वारा नांगर जुताई को रोक आपत्ति लगाई गई।

जिसके लिए ग्रामवासियों के द्वारा 4 सितंबर को ग्राम बड़ेपाराकोट के द्वारा विशेष ग्राम सभा आहुत की गई, जिसमें उक्त भूमि खसरा नंम्बर 33 व 36 का पट्टा निरस्त करने का सर्व सहमति से गांव के खेल मैदान हेतु आरक्षित रखने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त खसरा नम्बर 36 को पूरा निरस्त किया जाये और खसरा नंम्बर 33 में सबंधित व्यक्ति को ग्रामवासियों के दिखाये अनुसार कुछ भूमि दिया जायेगा। खसरा नम्बर 33 का जिसके नाम से पट्टा बना है। उसको ग्राम सभा के माध्यम से अपनी अभिमत (विचार) रखने दिया गया, उसके द्वारा अपनी स्वेच्छा से कब्जा छोड़ने हेतु सहमति दिया गया था। किन्तु दिनांक 21 अक्टूबर को तहसील कार्यालय तोकापाल से गांववालों के नाम से उक्त भूमि की पेशी के लिए सबंधितों के माध्यम से ईस्तिहार प्राप्त हुआ। जिसके कारण से जितना भूमि गडरू भारद्वाज पिता स्व. बालसिंग को देने का निर्णय को भी गांववालों के द्वारा निरस्त किया गया।

#### पट्टा निरस्त नही हुआ तो विवाद की आशंका

ग्रामीणों ने मांगपत्र के जरिये कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करते कहा कि गांव में भविष्य में किसी भी प्रकार दंगा फसाद न हो और गांव की शांति व्यवस्था बनी रहे एवं ग्रामवासियों का और संविधान का मान-सम्मान यथावत रहे इन सारी चीजों को मध्य नजर रखते हुए पट्टा निरस्त करते हुए स्कूल एवं खेल मैदान हेतु आरक्षित कर ग्रामवासियों को समर्पित करने का कष्ट करेंगे।

## बच्चों ने किया क्रिसमस ड्रामा का मंचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईबीए मिशन पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम एवं क्रिसमस कार्यक्रम गीतों के साथ शुरू किया गया। शुरूआत की प्रार्थना डीएस रविन्द्र नाथ मैनेजर ईबीए मिशन शाला द्वारा किया गया। रेव्ह युसूफ सिंह श्रीमती मायादानी, जीपी हिल द्वारा केक काटकर और मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। क्रिसमस ड्रामा का मंचन बच्चों ने किया, जिसके निर्देशक श्रीमती एलिन संगीता ने किया और बच्चों द्वारा मराठी, ओड़िया नृत्य किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भी भाग लिया। अंत में डीएस रविंद्र नाथ ने आशीष वचन देकर कार्यक्रम समाप्त किया।

वार्षिकोत्सव में मिशन शाला के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रदीप, श्रीमती शिरीन तेलंग, श्रीमती रश्मि क्रिस्टोफर, श्रीमती बसंती नाथ, श्रीमती भावना जाली, श्रीमती शिल्पा जोसेफ, वर्षा विश्वकर्मा और श्रीमती ग्रेसीना सिंह शामिल रहे।

## सांसद ने 40 लाख से अधिक 5 विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्तर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। उन्होंने विभिन्न गांव में कई

- कांग्रेस के गढ़ से सांसद ने विकास कार्यो के भूमिपूजन की शुरुआत की

विकास व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। आपको बता दे कि सांसद महेश कश्यप ने अपने कार्यकाल के प्रथम 50 लाख के 5 विकास कार्यो का आज भूमिपूजन किया है।

सांसद ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार देश व प्रदेश में लगातार विकास कर रही है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला,युवा सभी वर्ग की चिंता कर रही है। मोदी सरकार देश के लोगों को आवास, शौचालय, अनाज, गैस कनेक्शन, बिजली, पानी सड़क आदि देने का काम कर रही है।

उन्होंने सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, स्कूल में आहता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सांसद निधि से ग्राम पंचायत मधोता-1 में 10 लाख रुपए के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत उरी में कोटवार घर से पदम घर तक 220 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत 7.007, ग्राम पंचायत मधोता-2 में प्राथमिक शाला एवं उच्च माध्यमिक शाला के लिए आहता निर्माण कार्य जिसकी लागत मूल्य 14.50, मोहली-2 में आश्रित ग्राम रामपाल में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिसकी लागत 5 लाख, प्राथमिक शाला ओडारगुड़ा में डेढ़ सौ मीटर आहता निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जिसकी लागत 6 लाख रुपए है।

## क्रिसमस ट्रॉफी प्रतियोगिता में दशापाल ने जीता मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लालचर्च के तत्वाधान में सोशल कमेटी के सहयोग से क्रिसमस की खुशियों को दुगना उत्साह आपसी प्रेम व्यवहार सदभावना से मनाने के लिए इस वर्ष भी इंटर डिनॉमिनेशन क्रिकेट क्रिसमस ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार को लाल चर्च के पास्टर रेव्ह लॉरेंस दास के प्रार्थना के साथ प्रारंभ किया गया। उनके साथ प्रॉपर्टी कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश बेंजमिन, मनीष पारकर, बिट्टू कॉलेट, नीटुनाथ और सोशल कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। पहला मैच मेथोडिस्ट चर्च दशापाल विरुद्ध बरशेबा चर्च बेलर के बीच में खेला गया। मैच के अंपायर राहुल कश्यप और विक्की भवानी थे, दोनों टीम का मैच काफी संघर्षपूर्ण था और विजेता मेथोडिस्ट चर्च दशापाल रहे। शनिवार का मैच नयामुंडा विरुद्ध मिशन बॉयज के बीच में खेला जाएगा। दूसरा मैच एक्सट्रीम बॉयज विरुद्ध नलपावंड चर्च के मध्य खेला जाएगा। उक्त जानकारी लालचर्च मसीह समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने दी है।

छत्तीसगढ़ सहकार भारती के प्रांत संगठन मंत्री ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

## ऑनलाइन टोकन कटवाने में किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ सहकार भारती के प्रांत संगठन मंत्री हेमंत पांडेय व बस्तर संभाग प्रमुख किशोर साहू बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के सरगीपाल, राजनगर और नलपावंड धान खरीदी केंद्र पहुंच कर खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से चर्चा कर धान बेचने में आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा।नलपावंड धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान किसान ने कहा कि ऑनलाइन टोकन कटवाने में परेशानी हो रही है। इस पर हेमंत पांडेय ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋषिकेश तिवारी से चर्चा करके किसानों की समस्या का तुरंत निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,अपने घोषणा पत्र के अनुसार 3100 रुपए प्रति क्विंटल राशि एकमुश्त देने और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है। उन्होंने धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रकिया का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, सूचना पटल पर खरीदी प्रक्रिया चस्पा करने तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर संपर्क नम्बर जारी करने की भी बात कही।

## छात्र जीवन हर व्यक्ति का सबसे अच्छा समय : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में बुधवार को अंतर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक युवा उत्सव का भव्य

- अंतर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक युवा उत्सव का आयोजन

आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि विद्यार्थियों के कौशल और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक किरण देव, महापौर सफीरा साहू और कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुआ। विभिन्न कॉलेजों से आए प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अपनी उपस्थिति से विशेष बना दिया।

विधायक देव ने छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन हर व्यक्ति के जीवन का सबसे अच्छा समय होता है। इसी समय से अनुशासन और समर्पण का विकास होता है जो उन्हें कलेक्टर, आईपीएस, और आईएएस बनने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने 'जेनेरेशन फास्ट' की चर्चा करते हुए युवाओं से अपील की कि वे अपने कार्यों से माता-पिता, शिक्षकों और देश का गौरव बढ़ाएं।

महापौर सफीरा साहू ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराता है और उनके सपनों को साकार करने में सहायक है।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा, भारत में युवाओं की शक्ति और क्षमता को पहचानने के लिए नई शिक्षा नीति लागू की गई है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में सहायक होते हैं, जिससे वे विकसित भारत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने बताया कि इस उत्सव में दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर, धूवीराव माड़िया महाविद्यालय भैरमगढ़, शहीद हरचंद नाईक महाविद्यालय तोकापाल, नवीन महाविद्यालय कोण्डागांव, मॉडल कॉलेज गीदम, इंद्रावती कॉलेज आदि विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य, गायन, क्विज, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, पेंटिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, मेहंदी, इंस्टालेशन जैसे आयोजन शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में बादल संस्था के विशेषज्ञ शामिल थे, जिनमें भरत कुमार गंगादित्य, स्मृति पाढ़ी, कु प्रेरणा नाग, कु. विनीता पांडेय, योगेश साहनी, डॉ योगेंद्र मोतीवाला, डॉ सीपी यादव शामिल थे।

#### युवा उत्सव में सफल प्रतिभागी बेंगलुरु जाएंगे

डॉ. मूर्ति ने बताया कि इस युवा उत्सव में सफल प्रतिभागी काइस्ट विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में 19 से 23 दिसम्बर में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना, साथ ही उनकी क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रेरणा देना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिलेश जोशी ने किया।

## पीजी कॉलेज में हुआ आंबेडकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर पुण्यतिथि कार्यक्रम पर विधि विभाग में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया जो सामाजिक सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के रूप में मनाया गया।

विधि विभागाध्यक्ष डॉ .मोहन सोलंकी ने अम्बेडकर के बारे में बताया कि उन्होंने किसी भी जाति धर्म वर्ग भाषा निवास



स्थान बोली रंग या संस्कृति में विभेद नहीं किया सभी के लिए एक समान संरक्षण प्रदान किया है । ऐसा संविधान उनके द्वारा बनाया गया जिसमें सभी को सामाजिक आर्थिक राजनैतिक न्याय मिला है। विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म की स्वतंत्रता प्राप्त हे उनको ज्ञान का प्रतीक सिंबल आफ नॉलेज से भी संबोधित किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा डॉक्टर अंबेडकर को याद करते हुए उनके योगदान उपलब्धि कार्य संघर्ष पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. मोहन सोलंकी, चंद्रप्रभा कोसरे, नरेंद्र साहू, हिमांशु मिश्रा, रिचा सिंह, स्मृति साहू, जीएस ठाकुर, सीपी यादव, अजय ठाकुर आदि छात्र-छात्र उपस्थित थे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels – One Way Taxi Pvt Ltd –
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

## गणित दिवस पर मेंटल मैथ्स टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय गणित दिवस की उपलक्ष्य पर गणित विभाग एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की परिषद द्वारा मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय से आए 150 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। स्पर्धा में प्रश्न पत्र में सामान्य गणित, प्रायिकता संबंधित समस्या,वित्तीय गढ़ना सम्बंधित समस्या आदि और भी गणित के विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए। मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन महाविद्यालय के गणित विभाग से विभाग अध्यक्ष एफआर साहू तथा गणित विभाग से मनीष तिवारी, नीरज पाणिग्रही,मुकेश मालाकार, राकेश डहरिया द्वारा संपन्न कराया गया। मनीष तिवारी द्वारा रामानुज के जीवन बारे में बताते हुए कहा कि रामानुजन संख्याः 1729 को रामानुजन संख्या के रूप में जाना जाता है जो दो संख्याओं 10 और 9 के घनों का योग है। वृत्त विधिः रामानुजन ने जीएच हार्डी के साथ मिलकर वृत्त विधि का आविष्कार किया, जिसने 200 से आगे की संख्याओं के विभाजन का पहला सन्निकटन दिया।1919 में, खराब स्वास्थ्य जिसे अब हेपेटिक अमीबियासिस (कई साल पहले पेचिश के एपिसोड से होने वाली जटिलता) माना जाता है। रामानुजन को भारत लौटने के लिए मजबूर किया, जहाँ 1920 में 32 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। रामानुजन के अन्य उल्लेखनीय योगदानों में हाइपरजियोमेट्रिक श्रृंखला, रीमैन श्रृंखला, दीर्घवृत्तीय समाकलन, अपसारी श्रृंखला का सिद्धांत और जीटा फंक्शन के कार्यात्मक समीकरण शामिल हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बस्तर संभाग एवं जगदलपुर शहर में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
91318 93124
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रताप गंजपारा, पुनम होटल, जगदलपुर